श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं कानपुर की अति महत्वपूर्ण समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्षित करूंगा। जिस तरह आंध्र के माननीय सदस्यों ने आंध्र की एक समस्या के बारे में बात उठाई थी, उसी तरह कानपुर की यह प्रौब्लम है कि बी.आई.सी. और एन.टी.सी. की मिलें लगभग बंद हो चुकी हैं। मैने पहले भी इस मामले में कई नोटिस दिए थे, माननीय कपड़ा मंत्री जी से भी मिला था। माननीय प्रधानमंत्री जी ने चुनाव के पहले जब अपना कैम्पेन शुरु किया था तो कानपुर की पब्लिक मीटिंग में यह घोषणा की थी कि यदि मैं प्रधानमंत्री बन जाऊंगा तो कानपुर की बी.आई.सी. और एन.टी.सी. की कपड़ा मिलें चालू हो जाएंगी। लेकिन आज तक सरकार ने उस ओर ध्यान नहीं दिया है। मैंने कपड़ा मंत्री जी से भी अनुरोध किया था। आज स्थिति यह है कि बी.आई.सी. और एन.टी.सी. के दस हजार मजदूर बेकार पड़े हुए हैं। जब सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित नहीं हुआ तो कानपुर के तमाम लोगों ने मिलकर सरकार से एक और अनुरोध किया कि यदि सरकार के पास पैसा नहीं है जिससे वह बी.आई.सी. और एन.टी.सी. की सारी मिलों को चालू कर सके तो हमने सजैशन दिया था कि बी.आई.सी. और एन.टी.सी. की एक-एक यूनिट को छोड़कर बाकी सारी यूनिटों की जमीनों को बेच दिया जाए। उससे सरकार को खरबों रुपये मिलेंगे क्योंकि वे यूनिटें बीच शहर में स्थित हैं। आज उन जमीनों की कीमत पहले से सौ गुना ज्यादा बढ़ गई है। अगर सारी यूनिटों को बेचकर एक यूनिट बी.आई.सी. और एक यूनिट एन.टी.सी. की चला दी जाए तो आज जो दस-बारह हजार मजदूर बेकार पड़े हैं, उनको रोजगार मिल जाएगा, शासन को उन यूनिटों के चलाने के अलावा भी काफी पैसा बचेगा जिसे शासन अपने दूसरे कार्यों में प्रयोग में ला सकती है। मैं आपके माध्यम से कपड़ा मंत्री और भारत सरकार, खासकर माननीय प्रधानमंत्री जी से यह अनुरोध करता हूं, क्योंकि उन्होंने वायदा किया था, कि उन यूनिटों की सारी जमीनों को बेचकर एक यूनिट बी.आई.सी. और एक यूनिट एन.टी. सी. की चला कर मजदूरों को रोजगार दिया जाए। यदि इस तरह सारी सरकारी क्षेत्र की यूनिटों को बंद करने का इरादा है तो इस नीयत को किसी भी तरीके से हमारे देश बर्दाश्त नहीं कर सकता। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Shri Jaiswal, please take your seat. There are other Members who also want to speak. You can mention about it. I think Shri Rudy also associates with him.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (CHHAPRA): Sir, I want to associate myself with the BIC issue by stating that the BIC group has about ten sugar mills under its control. The hon. Prime Minister had assured that he would look into the matter relating to the BIC issue. I associate myself with the BIC issue for opening up of these sugar mills which are a part of the BIC Group.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : केवल कानपुर की यूनिटों को बेचकर कानपुर की यूनिटें चलाई जा सकती हैं।